संख्या– /VI–I/2006

प्रेषक,

अमिताभ श्रीवास्तव,
अपर सचिव,
उत्तरांचल शासन।

सेवा में,

निदेशक,
युवा कल्याण विभाग,
देहरादून।

युवा कल्याण अनुभाग : देहरादून : दिनांक 13 जनवरी, 2006

विषय :– युवा कल्याण विभाग को अनुदान संख्या–11 के विभागीय लेखाशीर्षक के अन्तर्गत बचत हो रही धनराशि के पुर्नविनियोग के सम्बंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय शासनादेश संख्या–47/VI-I/2005 दिनांक– 29–4–2005 एवं शासनादेश संख्या–62/ VI-I/2005 दिनांक– 17–5–2005 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय संलग्न बी0एम0–15 के विवरणानुसार कुल रूपये 3.00 लाख (रूपये तीन लाख मात्र) युवा कल्याण परिषद को अनुदान मद में पुर्नविनियोग के माध्यम से युवा कल्याण परिषद के विभिन्न देयकों के भुगतान हेतु आहरित कर व्यय करने की सहर्ष स्वीकृत प्रदान करते हैं।

2. उपरोक्त आवंटित धनराशि का उपयोग केवल उन्हीं मदों में किया जाएगा जिन मदों के लिए यह स्वीकृत की जा रही है। यह स्पष्ट किया जाता है कि धनराशि का आवंटन किसी ऐसे व्यय को करने का अधिकार नहीं देता है जिसे व्यय करने के लिए बजट मैनुअल या वित्तीय हस्त पुस्तिका के नियमों या अन्य आदेशों के आधीन व्यय करने से पूर्व सक्षम अधिकारी की स्वीकृति प्राप्त करना आवश्यक हो। ऐसा व्यय सम्बन्धित अधिकारी की स्वीकृत प्राप्त कर ही किया जाना चाहिए। व्यय में मितव्ययता नितान्त आवश्यक है।

3. किसी भी मद में व्यय से पूर्व वित्तीय हस्त पुस्तिका, बजट मैनुअल, भंडार क्रय नियम तथा मितव्ययता सम्बंधी समय–समय पर निर्गत शासनादेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। उपकरणों का क्रय डी0जी0एस0एण्डडी0 की दरों पर किया जायेगा और यह दरें न होने की स्थिति में टैण्डर/कोटेशन विहेयक नियमों का अनुपालन किया जायेगा।

4. उपरोक्त व्यय वर्तमान वित्तीय वर्ष 2005–06 के अनुदान संख्या–11 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक 2204–खेलकूद तथा युवा सेवाएं–00–आयोजनेत्तर–001–निदेशन तथा प्रशासन की सुसंगत प्राथमिक ईकाइयों के नामें डाला जायेगा तथा संलग्नक बी0एम0–15 के स्तम्भ 4 की बचतों से वहन किया जायेगा।

5. उपरोक्त आदेश वित्त विभाग के अशासकीय पत्र संख्या–633/XXVII (3)/2006 दिनांक–1 जनवरी, 2006 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किए जा रहे हैं

भवदीय

(अमिताभ श्रीवास्तव)
अपर सचिव

पृष्ठांकन संख्या– 68 /VI–I/2006 तद्दिनांकित

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. महालेखाकार, लेखा एवं हकदारी, सहस्रधारा रोड़ ओबराय बिल्डिंग, देहरादून।
2. निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी उत्तरांचल शासन।
3. वरिष्ठ कोषाधिकारी, देहरादून।
4. श्री एल0एम0 पन्त, अपर सचिव, वित्त विभाग।
5. वित्त व्यय नियत्रंण अनुभाग–3 उत्तरांचल शासन।
6. एन0आई0सी0, सचिवालय परिसर।
7. बजट राजकोषीय नियोजन एवं संसाधन निदेशालय, सचिवालय देहरादून।
8. आयुक्त गढ़वाल मण्डल/कुमाऊं मण्डल, पौड़ी/नैनीताल।
9. गार्ड फाईल।

आज्ञा से

(अमिताभ श्रीवास्तव)
अपर सचिव

आय–व्ययक प्रपत्र–15

पुनर्विनियोग 2005–2006 विवरण पत्र । अनुदान संख्या–11

नियंत्रक अधिकारी–निदेशक, युवा कल्याण, निदेशालय । प्रशासनिक विभाग–युवा कल्याण *(आयोजनेत्तर)*

संख्या–०४ / VI-I / 2006, देहरादून : दिनांक/ 3 जनवरी, 2006

(धनराशि हजार रूपये में)

बजट प्राविधान तथा लेखाशीर्षक का विवरण	मानक मदवार अद्यावधिक व्यय	वित्तीय वर्ष के शेष अवधि में अनुमानित व्यय	अवशेष (सरप्लस) धनराशि	लेखाशीर्षक जिसमें धनराशि स्थानांतरित किया जाना है।	पुनर्विनियोग के बाद स्तम्भ–5 की कुल धनराशि	पुनर्विनियोग के बाद स्तम्भ–4 अवशेष धनराशि	टिप्पणी
1	2	3	4	5	6	7	8
2204–खेलकूद तथा युवा सेवाये 001–निदेशन तथा प्रशासन 09–युवा दलों को आर्थिक सहायता 20–सहायक अनुदान/अशंदान /राजसहायता – 300	–	–	300	2204–खेलकूद तथा युवा सेवाये 001–निदेशन तथा प्रशासन 05–युवा कल्याण परिषद को अनुदान 20–सहायक अनुदान/अशंदान /राजसहायता – 300	2000	–	वित्तीय 2005–2006 09–आर्थिक द को सहायता मद स्वीकृत धनरा रू0 3.00 लाख धनराशि नियमावल न होने के कार व्यय नहीं पायेगा इस कार युवा कल्या परिषद हे अतिरिक्त धनरा की आवश्यकता है
योग – 300	–	–	300	योग – 300	2000	–	

प्रमाणित किया जाता है कि पुनर्विनियोग से बजट मैनुअल के परिच्छेद 150,151,155,156 मे उल्लिखित प्राविधानों का उल्लंघन नही होता है ।

(अमिताभ श्रीवास्तव)

उत्तरांचल शासन
वित्त अनुभाग–3
संख्याः–630/XXVII(3)/2006
देहरादूनः दिनांकः 10 जनवरी, 2006

पुनर्विनियोग स्वीकृत

10/1/2006
(एल0एम0पंत)
अपर सचिव,
वित्त विभाग।

सेवा में,

महालेखाकार,
उत्तरांचल, ओबराय बिल्डिंग,
सहारनपुर रोड़, देहरादून।

संख्याः– (1)/VI-I/2006 तद्दिनांक ।
प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
1– निदेशक, युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल, उत्तराचंल देहरादून।
2– वरिष्ठ कोषाधिकारी, देहरादून।
3– वित्त (व्यय–नियंत्रण) अनुभाग–3।
4– गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(अमिताभ श्रीवास्तव)
अपर सचिव।